हरिभूमि
मध्यांचल भूमि
रायपुर, शनिवार 5 सितंबर 2026

खबर संक्षेप

20 हजार की अवैध शराब के साथ 2 तस्कर गिरफ्तार



सिमगा। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार बेमेतरा मार्ग में ओवर ब्रिज के पास ग्राम औरेठी थाना सिमगा के राजकुमार मिरी उम्र 23 वर्ष एवं मोहित टंडन सन 19 वर्ष को अवैध रूप से बिक्री करने के लिए शराब ले जाते हुए पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी शराब कोचियों से कुल 20,000 कीमत मूल्य का 200 पाव देशी मसाला शराब तथा अवैध रूप से शराब परिवहन में प्रयुक्त मोटरसाइकिल भी जप्त किया है। आरोपियों के विरुद्ध थाना सिमगा में धारा 34(2) आबकारी के तहत अपराध क्र. 372/2026 पंजीबद्ध कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार करते हुए माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है। प्रकरण विवेचना में है।

जिले में अब तक 971 मिमी औसत वर्षा दर्ज

बलौदाबाजार। जिले में चालू मानसून के दौरान 1 जून से 4 सितम्बर 2026 तक 971 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। भू-अभिलेख कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार अब तक तहसील टुण्डरा में 1187 मिमी, बलौदाबाजार में 1113.2 मिमी, पलारी में 1044.3मिमी, लवन मे9.534 मिमी, सुहेला 907.1मिमी, सिमगा में 886.9 मिमी, कसडोल 919.6 मिमी, भाटापारा में 914.1 मिमी एवं सोनाखान 813.3 मिमी. वर्षा दर्ज की गई है। इस तरह कुल 8739.3मिमी वर्षा अभी तक दर्ज की गई है जिसकी औसत वर्षा 971 मिमी है।

घायल अज्ञात वृद्ध महिला को ग्रामीणों ने पहुंचाया अस्पताल

गिधौरी। गिधौरी से सारंगढ़ मार्ग पर ग्राम पंचायत घटमडवा के शीत बाबा के पास सडक किनारे खेत पर शुक्रवार को एक अज्ञात बुजुर्ग महिला घायल अवस्था में दर्द से गुहरती पडा रहा ।खेत में काम कर रहे महिलाओ ने दर्द से गचहर महिला की आवाज सुनकर आसपास खेत में जाकर देखा तो बुजुर्ग महिला बिना कपड़ा के घायल पडा था। महिलाओं ने ग्राम सरपंच लच्छीराम गोड को घटना की जानकारी दिया गया और सरपंच मौके पर पहुंचकर अज्ञात बुजुर्ग महिला को गांव के महिला के सहयोग उसे साड़ी पहनाया गया तथा अज्ञात बुजुर्ग महिला की शरीर पर जगह-जगह गंभीर चोंट थे। एम्बुलेंस बुलाकर अज्ञात बुजुर्ग महिला की ईलाज के लिए अस्पताल भेजा गया है ।



शोभायात्रा का पुष्पवर्षा से स्वागत, झांकियों ने मोहा मन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली शोभायात्रा

भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व जिला मुख्यालय में श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर में धार्मिक वातावरण बना रहा और श्रद्धालु भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति में सराबोर नजर आए। यादव समाज द्वारा जन्माष्टमी के अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जो नगर के प्रमुख मार्गों से होते हुए निकली। शोभायात्रा में यादव समाज के बड़ी संख्या में महिला, पुरुष और युवा शामिल हुए। भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकियां और सुसज्जित वाहन शोभायात्रा का प्रमुख आकर्षण रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए, जिससे पूरा नगर भक्तिमय हो उठा। पारंपरिक वेशभूषा में शामिल समाज के लोगों ने उत्साहपूर्वक शोभायात्रा में सहभागिता की।शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह-जगह स्वागत किया। धार्मिक गीतों और जयकारों से वातावरण गूंजता रहा। आयोजन को लेकर यादव समाज के सदस्यों में खासा उत्साह दिखाई दिया। समाज के पदाधिकारियों ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी केवल धार्मिक पर्व ही नहीं, बल्कि भगवान श्रीकृष्ण के जीवन और उनके संदेशों को स्मरण करने का अवसर भी है। उन्होंने समाज के लोगों से भगवान श्रीकृष्ण के आदर्शों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। पर्व को लेकर नगर में दिनभर उत्साह और भक्ति का माहौल बना रहा।



कृष्ण जन्माष्टमी पर मटकी फोड़...

मुंडा। ग्रामीण अंचल में कृष्ण जन्माष्टमी का त्योहार शुक्रवार 4 तारीख को बड़ा धूमधाम से मनाया गया। चिरपोटा, कोलिहा, आसपास के गांव में कृष्ण जन्मोत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया लोग सुबह से उपवास रहा कर भगवान की भक्ति भाव में डूबा रहा शाम को जगह-जगह मटकी फोड़ कार्यक्रम रखा गया, वही चिरपोटा के सामाजिक भवन के पास मटका फोड़ कार्यक्रम हुआ मटका फोड़ने वाले को नगदी ईनाम दिया गया। कार्यक्रम में सम्मिलित सरपंच प्रतिनिधि प्रदीप बंजारे, फूलेश वर्मा, महेंद्र वर्मा, पुनाराम, गुलाब चंद, रवि कुमार, किशन, जानीक, अमन, अमरनाथ, बृजमोहन, हरि, गुलशन, टिकेश्वर, तुकाराम, तुलाराम, महेश्वर, सुखदेव, मनीष, आकाश, अमित, हेमंत, रमाकांत, रूपेंद्र, पुरन वर्मा सहित ग्रामवासी संम्लित रहे।

नहर की संकरी नाली में फंस रहे मवेशी और वाहन

नहर बनी नाली, अब हादसों का खतरा, सुरक्षा इंतजाम नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार



जिला मुख्यालय में नहर को नाली में तब्दील किए जाने को लेकर पूर्व में उठाए गए सवाल अब लोगों की सुरक्षा से जुड़ी गंभीर चिंता में बदलते नजर आ रहे हैं। शहर के वार्ड क्रमांक 20 स्थित सिविल लाइन नहर पार क्षेत्र में लगभग 10 फीट चौड़ी पुरानी नहर को संकीर्ण कर करीब दो फीट चौड़ी खुली नाली के स्वरूप में बना दिया गया है। अब यह खुली और संकरी संरचना राहगीरों, बच्चों, बुजुर्गों और वाहन चालकों के लिए दुर्घटना का कारण बनती जा रही है।हाल ही में इस नाली में भैंस के फंसने तथा वाहन के फंसने की घटनाएं सामने आई हैं। नाली में गिरने वाले मवेशियों को बाहर निकालने में भी लोगों को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। ऐसे में सवाल उठ रहा है कि जब नहर को लाइनिंग के नाम पर इस तरह संकीर्ण किया गया है तो उसकी सुरक्षा के लिए आवश्यक इंतजाम क्यों नहीं किए गए।

स्थानीय लोगों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से नाली की चौड़ाई व संरचना की तत्काल जांच कराने, खुले हिस्सों को सुरक्षित करने तथा आवश्यक स्थानों पर मजबूत ढक्कन या रेलिंग लगाने की मांग की है। लोगों का कहना है कि किसी बड़े हादसे या जनहानि का इंतजार करने के बजाय विभाग को तत्काल सुरक्षा उपाय करने चाहिए।

सुरक्षा व्यवस्था पर सवाल

पूर्व में विभाग की ओर से कहा गया था कि वरिष्ठ अधिकारियों से चर्चा और ड्राइंग-डिजाइन के अनुमोदन के बाद ही नालीनुमा संरचना तैयार की गई है। यह भी बताया गया था कि भविष्य में नगर पालिका द्वारा इसके ऊपर सड़क बनाए जाने की संभावना को ध्यान में रखा गया है। लेकिन वर्तमान में खुली नाली में मवेशियों और वाहन के फंसने की घटनाओं ने सुरक्षा व्यवस्था पर नया सवाल खड़ा कर दिया है।

पहले भी उठे थे सवाल

गौरतलब है कि जल संसाधन विभाग की 14 नंबर नहर की वितरक शाखा में लाइनिंग कार्य को लेकर पूर्व में भी सवाल उठ चुके हैं। सांवरा डेरा से कोकड़ी पुल तक करीब सात किलोमीटर नहर लाइनिंग का कार्य लगभग 355.11 लाख रुपए की लागत से कराया जा रहा है। बलौदाबाजार से कोकड़ी क्षेत्र के बीच पारंपरिक चौड़ी नहर के बजाय नालीनुमा संरचना बनाए जाने पर स्थानीय लोगों ने भूजल रिचार्ज, निर्माण गुणवत्ता और भविष्य में नहर की जमीन पर अतिक्रमण की आशंका जताई थी। स्थानीय लोगों का कहना था कि पहले नहर से पानी छोड़े जाने पर आसपास के भूजल स्तर पर भी इसका सकारात्मक प्रभाव पड़ता था। नहर के संकीर्ण और पक्के स्ट्रक्चर में तब्दील होने के बाद यह लाभ प्रभावित होने की आशंका है। साथ ही नहर के दोनों ओर उपलब्ध शासकीय भूमि की सुरक्षा को लेकर भी सवाल उठाए गए थे।

किराए के बैंक खाते से 1.08 लाख रुपए की साइबर ठगी



हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी

ऑनलाइन गेमिंग और सट्टेबाज़ी के लिए कमीशन का लालच देकर दूसरों के नाम पर फर्जी बैंक खाते खुलवाने और उसमें ठगी की रकम खपाने वाले अंतरराज्यीय गिरोह का पलारी पुलिस ने पर्दाफाश किया है। पुलिस ने साइबर पोर्टल से मिली शिकायत की जांच के बाद खाताधारक समेत दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य फरार आरोपी की तलाश जारी है। राजस्थान (जयपुर) निवासी पीड़ित कैलाशचंद सेन ने साइबर पोर्टल पर 1,08,644 की ऑनलाइन ठगी की शिकायत दर्ज कराई थी।

जांच में पता चला कि ठगी की यह पूरी रकम यूसीओ बैंक शाखा पलारी के खाता क्रमांक 8530110142066 में ट्रांसफर की गई थी। पलारी पुलिस ने बैंक से स्टेटमेंट निकाला, तो खाताधारक खिलेंद्र वर्मा द्वारा संदिग्ध ट्रांजेक्शन किए जाने की पुष्टि हुई।

कमीशन पर खुलवाया था खाता

पुलिस ने संदेही खिलेंद्र वर्मा को हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसके बाद पूरे खेल का खुलासा हुआ। खिलेंद्र ने बताया कि रायपुर निवासी दीपेश मल्होत्रा ने उसे बैंक खाता खुलवाकर अवैध रूप से पैसे कमाने का लालच दिया था और बदले में कमीशन देता था। खाते का संचालन, एटीएम और सिम कार्ड पूरी तरह से दीपेश मल्होत्रा के पास ही था। इस खाते का इस्तेमाल ऑनलाइन गेमिंग, सट्टेबाज़ी और ठगी के पैसों के लेन-देन (म्यूल अकाउंट) के लिए किया जाता था।

साइड नहीं देने पर जानलेवा हमला करने वाले दो सगे भाई गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ पलारी



पुलिस अधीक्षक श्री गौरव राय के कुशल निर्देशन में बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा हिंसात्मक गतिविधियों, मारपीट व गुंडागर्दी करने वाले असामाजिक तत्वों के विरुद्ध त्वरित व सख्त कानूनी कार्यवाही की जा रही है। इसी क्रम में थाना पलारी पुलिस द्वारा रास्ते में साइड नहीं देने के मामूली विवाद पर जानलेवा हमला करने वाले दो शातिर आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की गई है। 2 सितंबर को प्रार्थी यशवंत धृतलहरे उम्र 30 वर्ष, निवासी ग्राम भरूवाड़ीह द्वारा थाना पलारी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई कि जब वह अपनी मोटरसाइकिल से खमरिया सेलून जा रहा था, तब रास्ते में गांव के गौरव बंजारे एवं गोपाल बंजारे ने साइड नहीं देने की बात को लेकर पुरानी रंजिशवश अश्लील गाली-गलौज करते हुए हाथ-मुक्के एवं बांस के डंडे से प्रार्थी के सिर व शरीर पर जानलेवा हमला कर गंभीर चोट पहुंचाई। प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना पलारी में अपराध क्र. 358/2026, धारा 296, 351(3), 115(2), 117(2), 109(1), 3(5) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया। पुलिस की त्वरित कार्यवाही एवं गिरफ्तारी- मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना पलारी पुलिस टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए घटनास्थल का निरीक्षण किया गया तथा गवाहों के समक्ष प्रार्थी का खून लगा टी-शर्ट जप्त किया गया। तत्पश्चात पुलिस टीम ने घेराबंदी कर दोनों आरोपी भाइयों को हिरासत में लिया।

थिएटर शिवा को नपा ने थमाया 5.99 लाख रुपए का नोटिस

बलौदाबाजार। नगर पालिका परिषद बलौदाबाजार ने नगर के एकमात्र थिएटर शिवा बॉलीवुड के संचालक को भवन से संबंधित संपत्ति कर एवं समेकित कर की बकाया राशि जमा करने के लिए नोटिस जारी किया है। पालिका ने वर्ष 2010-11 से 2026-27 तक की अवधि के लिए कुल 5 लाख 90 हजार 242 रुपए जमा करने के निर्देश दिए हैं। इसके साथ ही नगर क्षेत्र की अन्य संस्थाओं को भी कर संबंधी नोटिस जारी किए जा रहे हैं। नगर पालिका के राजस्व विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार, शिवा बॉलीवुड के संचालक को जारी नोटिस में उल्लेख किया गया है कि प्रस्तुत भवन का भवन स्वामित्व सहित निर्माण संबंधी दस्तावेजों की जांच के बाद स्थल निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि वार्ड क्रमांक 6, लुड़वा रोड स्थित संबंधित भूमि पर शिवा बॉलीवुड ⏭ शेष पेज 12 पर

नौकरी के नाम पर 6 लाख की ठगी, कृष्णा प्रणव अवस्थी पर एक और एफआईआर

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार





हरिभूमि लगातार

एक के बाद एक सामने आ रहे नौकरी से जुड़े मामले

फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में जेल में बंद और भाजपा से छह वर्ष के लिए निष्कासित पूर्व जिला महामंत्री कृष्णा अवस्थी तथा उनके पुत्र प्रणव अवस्थी की मुश्किलें लगातार बढ़ती जा रही हैं। अब नौकरी लगाने के नाम पर छह लाख रुपए की कथित ठगी का एक और मामला सामने आया है। ग्राम ओड़ान निवासी पूर्व सरपंच जीवन लाल कमल की शिकायत पर सिटी कोतवाली पुलिस ने दोनों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता की धारा 318(4) एवं 3(5) के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। एफआईआर के अनुसार जीवन लाल कमल (49) खेती-किसानी करते हैं और ग्राम पंचायत ओड़ान के पूर्व सरपंच रह चुके हैं। शिकायत में उन्होंने आरोप लगाया है कि कृष्णा अवस्थी और प्रणव अवस्थी ने प्राथी सहित सोहन कन्नौजे, डोमार कन्नौजे एवं श्रीराम कन्नौजे को नौकरी लगवाने का भरोसा दिलाया और इसके एवज में उनसे छह लाख रुपए लिए। शिकायतकर्ता के अनुसार 14 सितंबर 2025 को बलौदाबाजार स्थित भाजपा कार्यालय में नौकरी के लिए पहली किस्त के रूप में राशि दी गई थी। इसके बाद आरोपियों की ओर से एक माह के भीतर नौकरी लगवाने का आश्वासन दिया जाता रहा। निर्धारित समय बीतने के बाद भी नौकरी नहीं लगने पर जीवन लाल ने रकम वापस करने की मांग की।

गौरतलब है कि कृष्णा अवस्थी और प्रणव अवस्थी पहले से ही आरएमए करण देवांगन के कथित फर्जी स्थानांतरण आदेश मामले में न्यायिक हिरासत में हैं। इस मामले में दोनों समेत छह आरोपियों की गिरफ्तारी हो चुकी है। इसके बाद कसडोल में बीज एवं कृषि विकास निगम के नाम पर कथित फर्जी नियुक्ति पत्र जारी कर दो लाख रुपए लेने का आरोप सामने आया था। वहीं, शराब दुकान में सेल्समैन की नौकरी लगाने के नाम पर 50 हजार रुपए लेने के आरोप में भी प्रणव अवस्थी के खिलाफ सिटी कोतवाली में अलग से एफआईआर दर्ज हो चुकी है। इन मामलों में पुलिस कथित बैंक लेन-देन, मोबाइल और व्हाट्सऐप पर हुई बातचीत तथा संबंधित दस्तावेजों की जांच कर रही है।

रकम लेकर कलेक्टर कार्यालय के पास बुलाने का आरोप

शिकायत के मुताबिक 16 फरवरी 2026 को कृष्णा अवस्थी ने संपर्क कर दूसरी किस्त में बाकी की रकम भी भाजपा कार्यालय में बुला कर ले ली। आरोप है कि उस समय नौकरी लगाने के संबंध में कलेक्टर कार्यालय के पास प्रणव अवस्थी ने मिलने के लिए बुलाया। इसके बाद भी मामला आगे नहीं बढ़ा और शिकायतकर्ता ने पुलिस से कार्रवाई की मांग की। शिकायत में यह भी आरोप लगाया गया है कि आरोपियों ने नौकरी लगाने के नाम पर अन्य लोगों से भी रकम ली है। हालांकि, अन्य लोगों से रकम लेने संबंधी आरोपों की स्वतंत्र पुष्टि अभी नहीं हुई है। पुलिस अब शिकायत में बताए गए लेन-देन और पूरे घटनाक्रम की जांच कर रही है।

कलेक्टर से की मुलाकात, साझा किया संघर्ष और सफलता का सफर

केबीसी कंटेस्टेंट योगेश का लक्ष्य अब यूपीएससी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार/भाटापारा



ग्राम टेहका के प्रतिभाशाली युवा योगेश साहू ने गुरुवार को कलेक्टर कुलदीप शर्मा से सौजन्य भेंट की। आईआईटी बॉम्बे से बीटेक करने के बाद अच्छी नौकरी का अवसर छोड़कर यूपीएससी की तैयारी में जुटे योगेश ने कलेक्टर से अपने अब तक के सफर और भविष्य के लक्ष्य को लेकर चर्चा की। योगेश लोकप्रिय टीवी शो कौन बनेगा करोड़पति में भी कंटेस्टेंट रह चुके हैं।कलेक्टर शर्मा ने योगेश से यूपीएससी अभ्यर्थी से लेकर केबीसी कंटेस्टेंट बनने तक के अनुभवों की जानकारी ली। उन्होंने यूपीएससी की तैयारी को लेकर अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सिविल सेवा परीक्षा का लक्ष्य बड़ा है और इसके लिए निरंतर मेहनत, अनुशासन और एकाग्रता जरूरी है। उन्होंने विशेष रूप से प्रीलिम्स के बाद मेन्स की तैयारी के लिए मिलने वाले करीब 120 दिनों को बेहद महत्वपूर्ण बताते हुए इस अवधि का बेहतर उपयोग करने की सलाह दी। कलेक्टर ने योगेश को समय प्रबंधन, अध्ययन की रणनीति और परीक्षा के विभिन्न चरणों की तैयारी से जुड़े महत्वपूर्ण सुझाव दिए। उन्होंने दिल्ली में छत्तीसगढ़ के युवाओं के लिए संचालित ट्राइबल यूथ हॉस्टल की जानकारी भी दी, जहां यूपीएससी की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए आवास की सुविधा उपलब्ध है। कलेक्टर ने योगेश को तैयारी के दौरान हरसंभव सहयोग का आश्वासन देते हुए उनके लक्ष्य के लिए शुभकामनाएं दीं।

सफल होकर कमजोर बच्चों की मदद करना चाहते हैं

योगेश ने बताया कि यूपीएससी में सफल होने के बाद उनका लक्ष्य आर्थिक रूप से कमजोर बच्चों को शिक्षा के लिए प्रेरित करना और उनकी मदद करना है। उन्होंने कहा कि अपने सफर में जिन चुनौतियों और परेशानियों का सामना करना पड़ा, वे दूसरे बच्चों को न झेलनी पड़ें, इसके लिए वे आगे काम करना चाहते हैं। योगेश के पिता गयाराम साहू पेशे से ड्राइवर हैं। आर्थिक और सामाजिक चुनौतियों के बावजूद उन्होंने बेटे की शिक्षा और उसके सपनों को पूरा करने में कोई कसर नहीं छोड़ी। पिता के सहयोग और अपनी मेहनत के दम पर योगेश आईआईटी बॉम्बे तक पहुंचे। आईआईटी कैंपस में उन्हें अच्छी नौकरी का अवसर भी मिला, लेकिन उन्होंने नौकरी के बजाय यूपीएससी की तैयारी कर समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। मुलाकात के दौरान योगेश के परिजन भी मौजूद रहे।

एक्टिवा से 5 पैकेट गांजा बरामद महिला समेत 3 आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भटगांव

थाना के सामने मेन रोड पर वाहन चेकिंग के दौरान सूचना प्राप्त होने पर सरसीवा की ओर से एक्टीवा वाहन क्रमांक सीजी 12 बीव्ही 7563 में एक लड़का पीछे एक महिला को बैठाकर कोरबा की ओर जाने वाला है महिला बैग में तथा वाहन के सीट के नीचे गांजा रखे हैं कि सूचना पर वाहन चेकिंग कर,चेकिंग के दौरान



एक्टिवा वाहन को रोक कर,नाम पूछने पर एक्टीवा वाहन का चालक अपना नाम विजय कुमार पालकर पिता संतराम पालकर उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम पहरिया थाना बलौदा जिला जांजगीर चाम्पा हाल मुकाम गीतांजली कर्ष के किराये के घर सीतामणी कोरबा तथा पीछे बैठी महिला अपना नाम रंजीता दुबे पति मनोज दुबे उम्र 38 वर्ष निवासी प्रगति नगर दर्री थाना दर्री जिला कोरबा बताई जिन्हे प्राप्त मुखबीर सूचना के संबंध मे अवगत कराया तथा गवाहों के समक्ष आरोपी विजय कुमार पालकर व रंजीता दुबे को नोटिस देकर तलाशी लिया गया एक्टीवा वाहन सीट के नीचे दो पैकेट तथा बैग में तीन पैकेट में भरा मादक पदार्थ मिला जिसे आरोपी विजय व रंजीता ने गांजा होना बताया गांजा को ⏭ शेष पेज 12 पर

चेकिंग अभियान में 21 लोगों पर पुलिस ने की कार्रवाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

अपराधों की रोकथाम और असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से तिल्दा-नेवरा पुलिस ने शहर के संवेदनशील क्षेत्रों में सघन चेकिंग अभियान चलाया। पुलिस टीम ने देवार बस्ती, अटल आवास, मोहभट्ठा पारा सहित अन्य संवेदनशील इलाकों में पहुंचकर संदिग्ध रूप से घूमने वाले लोगों की जांच की। अभियान के दौरान बिना उचित कारण क्षेत्र में घूम रहे संदिग्ध व्यक्तियों से पूछताछ कर उनकी पहचान की गई। पुलिस ने उन्हें अनावश्यक रूप से क्षेत्र में नहीं घूमने की समझाइश देने के साथ आवश्यक निर्देश भी दिए। जांच के दौरान संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए गए कुल 21 व्यक्तियों के विरुद्ध धारा 126/135 बीएनएसएस के तहत प्रतिबंधात्मक कार्रवाई की गई। पुलिस की इस कार्रवाई से संवेदनशील क्षेत्रों में असामाजिक तत्वों के बीच हड़कंप की स्थिति रही। तिल्दा-नेवरा थाना प्रभारीरमाकांत तिवारी ने कहा ⏭ शेष पेज 12 पर

श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत...





रंजीत दावानी
अध्यक्ष
पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति


अनिल रोचलानी


नंदलाल हबलानी


निर्मल दावानी


प्रहलाद मंधान


राकेश मंधान


अजय मंधानी


हरीश निहलानी


रूपेश किंगरानी

एवं समस्त सदस्यगण पोहा मुरमुरा निर्माता कल्याण समिति - भाटापारा



श्री नरेश आर्य जी
अध्यक्ष
दालमिल एसोसिएशन भाटापारा


श्री सुदामा बतरा जी


श्री परमानंद केशवानी जी


श्री कमल अग्रवाल जी


श्री रामचंद सचदेव जी


श्री रूपचंद थरानी जी


श्री कमलेश कुकरेजा जी


श्री गौरव जैन जी


श्री अशोक किंगरानी जी

-:: विनीत ::-
दालमील एसोसिएशन परिवार भाटापारा





श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जुलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तजनों का हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...


मा. सुमित्रा घृतलहरे
अध्यक्ष जिला कांग्रेस कमेटी
जिला बबा-भाटापारा





स्व. राधेश्याम शर्मा जी
पूर्व विधायक, भाटापारा


राजेश शर्मा जी


अमित शर्मा (बंटी)
पूर्व जनपद अध्यक्ष
भाटापारा

श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जुलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तजनों का हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...


अशोक कुमार अग्रवाल
भाटापारा



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जुलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तजनों का हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...


विचित्र राम वर्मा
दस्तावेज लेखक


सुनील शर्मा
स्टाम्प वेंडर


अश्वनी क्षत्री
स्टाम्प वेंडर

श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे
समस्त
श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन
स्वागत...



विजय गेहाणी
अध्यक्ष - भारतीय सिंधु सभा
युवा विंग भाटापारा



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त
श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन स्वागत...


मा. राकेश तिवारी
जिला महामंत्री भाजपा



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन स्वागत...


मान. शिवरतन शर्मा
पूर्व विधायक एवं वरिष्ठ भाजपा नेता


मान. अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष - नगर पालिका भाटापारा


राधेश्याम शर्मा (फग्गा महराज)
समाज सेवी एवं वरिष्ठ भाजपा नेता भाटापारा



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का
हार्दिक अभिनंदन स्वागत...


सतीश अग्रवाल जी
सदस्य छ.ग. प्रदेश कांग्रेस कमेटी - भाटापारा
पूर्व सदस्य निगम मंडल छत्तीसगढ़

संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392

श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जूलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत...













संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392

खबर संक्षेप



जन्माष्टमी नन्हें बाल गोपालों ने मोहा मन

पलारी। ग्राम चरौदा में शुक्रवार को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया गया। सुबह से ही मन्दिरों में दिन भर भजन कीर्तन किये जाते रहे। लोगों ने अपने घरों में भी भगवान श्री कृष्ण की पूजा की। एवं छोटे-छोटे बच्चे श्रीकृष्ण भगवान की वेश धरण किए थे।

सविमं बेमचा में धूमधाम से मनाया गया कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व

महासमुंद। मां सरस्वती विद्या मंदिर बेमचा में कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व अत्यंत हर्षोल्लास एवं धूमधाम के साथ मनाया। आयोजन का मुख्य उदेश्य विद्यार्थयों में भारतीय संस्कृति, नैतिक मूल्यों, शारीरिक स्फूर्ति और धार्मिक चेतना का सर्वांगीण विकास करना था। कार्यक्रम का शुभारंभ बांकेबिहारी की पूजा अर्चना के साथ हुआ। यह आयोजन सुनीता ध्रुव के कुशल मार्गदर्शन में हुआ।

निधन

द्वारका प्रसाद वर्मा

भवानीपुर। वटगन निवासी द्वारका प्रसाद वर्मा (75) का शुक्रवार को निधन हो गया।उनका अंतिम संस्कार गृह ग्राम स्थित मुक्तिधाम में किया गया। जिसमें गांव के गणमान्य नागरिक शामिल हुए। वे दयासागर वर्मा के भाई तथा मणिशंकर वर्मा और टिकेश्वर वर्मा के पिता थे ।वे लंबे समय तक वटगन बाड़ा के मुंशी के रूप में अपनी सेवाएं दे चुके थे।



जन्माष्टमी : बाल कान्हाओं ने फोड़ी मटकी, सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने मोहा मन

मटका फोड़ प्रतियोगिता हुई, प्रज्ञापीठ में वैदिक पूजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ हिरमी रावन



भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पावन पर्व कृष्ण जन्माष्टमी हिरमी अंचल में श्रद्धा, भक्ति और उल्लास के साथ मनाया गया। मोहरा, बरडीह, कुथरौद, सकलोर, भालेसुर, भटभेरा सहित आसपास के गांवों में दिनभर धार्मिक उत्साह का माहौल बना रहा। मंदिरों और देवालयों में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ पहुंचती रही। लोगों ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि और परिवार की मंगलकामना की। जन्माष्टमी के अवसर पर विभिन्न स्थानों पर कान्हा को झूला झुलाने की परंपरा श्रद्धा के साथ निभाई गई। गांवों में जगह-जगह मटका फोड़ और दही-लूट जैसे पारंपरिक कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें युवाओं और बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।कार्यक्रमों के दौरान पूरा वातावरण कृष्ण भक्ति से सराबोर नजर आया। घरों में भी जन्माष्टमी की विशेष रौनक देखने को मिली।अभिभावकों ने छोटे-छोटे बच्चों को राधा-कृष्ण का मनमोहक वेश धारण कराया।बच्चों ने राधा-कृष्ण के रूप में पूजा-अर्चना में भाग लिया, जिससे घरों में भी भक्ति और उत्सव का वातावरण बना रहा। छोटे बच्चों में पर्व को लेकर विशेष खुशी और उत्साह देखने को मिला।गायत्री प्रज्ञापीठ हिरमी में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुआ पूजन गायत्री प्रज्ञापीठ हिरमी में भी कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धापूर्वक मनाया गया। मंदिर के पुजारी श्यामसुंदर जी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान श्रीकृष्ण की विधिवत पूजा-अर्चना कराई। इसके पश्चात उन्होंने श्रद्धालुओं को भगवान श्रीकृष्ण की कथा विस्तारपूर्वक सुनाई तथा उनके जीवन, कर्म और धर्म के संदेशों पर प्रकाश डाला सुबह से ही हिरमी और आसपास के गांवों से श्रद्धालु मंदिर एवं अन्य देवालयों में पूजा-पाठ के लिए पहुंचते रहे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के दर्शन कर भक्ति भाव से पूजा-अर्चना की। कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर भक्ति, परंपरा और संस्कारों का सुंदर संगम देखने को मिला। बच्चों से लेकर बुजुर्गों तक सभी ने उत्साह के साथ पर्व मनाया। पूरे हिरमी अंचल में दिनभर कृष्ण भक्ति की गूंज सुनाई देती रही और वातावरण भक्तिमय बना रहा।

जन्माष्टमी पर कीर्तन मंडली ने निकाली शोभायात्रा



भवानीपुर। अंचल सहित आसपास के विभिन्न ग्रामों में भगवान श्रीकृष्ण के जन्मोत्सव का पर्व श्रीकृष्ण जन्माष्टमी श्रद्धा, भक्ति और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही मंदिरों एवं धार्मिक स्थलों में विशेष पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना कर परिवार एवं क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। जन्माष्टमी के अवसर पर कीर्तन मंडली द्वारा आकर्षक शोभायात्रा निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामीण शामिल हुए। शोभायात्रा के दौरान भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों और भजनों से पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। जगह-जगह ग्रामीणों द्वारा शोभायात्रा का स्वागत किया गया। विभिन्न स्थानों पर मटका फोड़ प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया।

युवाओं ने उत्साहपूर्वक इसमें हिस्सा लिया। इसके अलावा बच्चों एवं युवाओं के लिए अनेक प्रकार के खेल एवं मनोरंजक प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं। प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। जन्माष्टमी कार्यक्रम में फैंसी ड्रेस प्रतियोगिता विशेष आकर्षण का केंद्र रही। नन्हे-मुन्ने बच्चे भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा के आकर्षक रूप में सजकर पहुंचे। बच्चों की मनमोहक वेशभूषा और प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। इस दौरान बच्चों में खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम के दौरान धार्मिक एवं सांस्कृतिक वातावरण बना रहा। आयोजकों द्वारा श्रद्धालुओं एवं ग्रामीणों के लिए प्रसादी वितरण की व्यवस्था की गई। बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसादी ग्रहण की। पूरे अंचल में जन्माष्टमी पर्व को लेकर दिनभर उत्साह और उमंग का माहौल रहा। ग्रामीणों ने आपसी भाईचारे एवं श्रद्धा के साथ भगवान श्रीकृष्ण का जन्मोत्सव मनाया।

कृष्ण जन्माष्टमी पर यादव समाज ने निकाली बाइक रैली

पलारी। श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर यादव समाज पलारी के तत्वावधान में पलारी नगर में भव्य बाइक रैली का आयोजन किया गया। रैली में यादव समाज के बड़ी संख्या में युवा उत्साह और उमंग के साथ शामिल हुए। बाइक रैली के दौरान पूरा नगर जय श्री कृष्ण के जयघोष से गूंज उठा। बाइक रैली की शुरुआत सुबह बालसमुद स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर से विधिवत पूजा-अर्चना के बाद हुई। इसके पश्चात रैली नगर के विभिन्न प्रमुख मार्गों से होते हुए पूरे पलारी नगर का भ्रमण किया। रैली में बड़ी संख्या में युवा बाइक पर सवार होकर शामिल हुए और भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते हुए जन्माष्टमी पर्व की खुशियां साझा कीं। रैली का नगर में जगह-जगह लोगों द्वारा उत्साहपूर्वक स्वागत किया गया। कई स्थानों पर समाज के लोगों एवं नगरवासियों ने रैली में शामिल युवाओं का स्वागत करते हुए भगवान श्री कृष्ण के प्रति अपनी आस्था व्यक्त की। यादव समाज के युवाओं में रैली को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। पारंपरिक वेशभूषा और धार्मिक उत्साह के साथ निकली इस बाइक रैली ने जन्माष्टमी पर्व के माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया। आयोजन के माध्यम से समाज की एकता, आपसी भाईचारे और भगवान श्री कृष्ण के प्रति श्रद्धा का संदेश भी दिया गया। इस अवसर पर लोकेश यदु, भूषण ठेठवार, कृष्ण कुमार यादव,राजकुमार यदु, मन्नू लाल यादव, शेखर यादव, मनीराम यादव, रोहित यादव आजु राम यादव, गौतम यादव, गेमू यादव, तिलक यादव, लखन यादव, हरिकीर्तन यादव, समीर लाला यादव, संतोष यादव, हेमंत यादव, हेम लाल यादव, आनंद यादव, प्रतीक यादव, चंदन यादव, शेषनारायण यादव, भूमेश यादव सहित बड़ी संख्या में सामाजिकजन उपस्थित रहे।



बाल कान्हाओं की प्रस्तुतियों ने मोहा मन



लवन। पीएम श्री स्कूल जवाहर नवोदय विद्यालय में भगवान श्री कृष्ण के जन्म उत्सव विद्यालय में जन्माष्टमी उत्सव का पर्व को हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में विभिन्न धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया, जिसमें विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने श्री कृष्ण और राधा की मनमोहक वेशभूषा में विद्यालय में पहुंचे। बाल गोपाल के रूप में सजे विद्यार्थियों ने सभी का मन मोह लिया। विद्यालय परिसर में कृष्ण भक्ति से जुड़े गीतों भजनों एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों से वातावरण भक्तिमय हो गया। विद्यालय के प्राचार्य श्री डी के ठाकुर ने विद्यार्थियों को भगवान श्री कृष्ण के जीवन और उनके आदर्शों तथा धर्म ,सत्य ,कर्म और कर्तव्य के संदेश से अवगत कराया। इस गरिमामयी कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के समस्त शिक्षक, शिक्षिका मंदोदरी सेठ, सत्येंद्र कुमार पांडे, जे पी साहू, राजेंद्र सिक्का, प्रशांत गायकवाड, प्रदीप कुमार, विष्णु कुमार, लक्ष्मी नारायण केसरवानी, स्मिता, मानसी, सुमन कौशिक, चंद्रिका, एच पी पटेल, दुर्गेश चंद्रा प्रमोद कुमार, रंजन उपाध्याय, कांतिलाल पटेल, राघवेंद्र सोनार, शैलेंद्र, रोहित वर्मा, राहुल राय, परमेश्वर तथा विद्यालय के समस्त सदस्यों तथा विद्यार्थी उपस्थित रहे।

मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं ने दिखाया उत्साह

बगबुड़ा। जिला बलौदाबाजार के लवन अंचल सहित आस पास के ग्रामों में श्री कृष्ण जन्माष्टमी बड़े हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। ग्राम पंचायत बगबुड़ा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीणों एवं युवाओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। भगवान श्रीकृष्ण की भक्ति और उत्साह से पूरा माहौल भक्तिमय नजर आया। मटकी फोड़ प्रतियोगिता में युवाओं की टोलियों ने मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर लटकाई गई मटकी को फोड़ने का प्रयास किया। इस दौरान बड़ी संख्या में ग्रामीण महिला, पुरुष एवं बच्चे प्रतियोगिता देखने पहुंचे। युवाओं के उत्साह और तालियों की गूंज से आयोजन स्थल पर उत्सव का माहौल बना रहा। प्रतियोगिता के दौरान प्रतिभागियों ने टीम भावना, साहस और आपसी सहयोग का प्रदर्शन किया। मटकी फोड़ने के लिए युवाओं की टोलियों के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। मटकी फूटते ही उपस्थित लोगों ने जय श्रीकृष्ण के जयकारे लगाए। मटकी प्रतियोगिता में गजेन्द्र यादव और दामिनी यादव ने एक एक बार मटका फोड कर जीत दर्ज किए। वहीं ईश्वर वर्मा ने सर्वाधिक तीन बार मटका फोड कर जीत दर्ज कर पुरस्कार प्राप्त किए। आयोजन समिति के संचालक गिरधारी वर्मा, सिया साहू, मोहन वर्मा एवं ग्रामीणों ने बताया कि ऐसे धार्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजनों से गांव में आपसी भाईचारा मजबूत होता है तथा युवा पीढ़ी को भारतीय संस्कृति और परंपराओं से जुड़ने का अवसर मिलता है। कार्यक्रम के अंत में प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन किया गया और विजेता टीम को सम्मानित किया गया।



पेज 9 के शेष

थिएटर शिवा को ...

टॉकीज में कुल पक्का निर्माण भूतल एवं प्रथम तल में 7291 वर्गफुट तथा अर्धपक्का निर्माण 4185 वर्गफुट निर्मित है। संबंधित भवन का संपत्ति कर एवं समेकित कर के अंतर की राशि वर्ष 2010-11 से वित्तीय वर्ष 2026-27 तक के लिए 4 लाख 89 हजार 274 रुपए निर्धारित की गई है। वहीं वित्तीय वर्ष 2026-27 में समेकित व संपत्ति कर के रूप में 70,399 रुपए जमा करना सुनिश्चित करने को कहा गया है। इस तरह कुल 5 लाख 99 हजार 242 रुपए की राशि जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। पूर्व में भवन पर अधिरोपित 39,082 रुपए वार्षिक राशि का भी उल्लेख किया गया है। अन्य व्यावसायिक संस्थानों पर भी गिरेगी गाज पालिका की राजस्व टीम द्वारा स्थल निरीक्षण कर पंचनामा तैयार किया गया। इसके पश्चात नवीन अधिरोपित कर के आधार पर नोटिस जारी किया गया है। राजस्व निरीक्षक राधा चरण तिवारी ने बताया कि नगर पालिका की वित्तीय स्थिति सुधारने और आय के स्रोत विकसित करने के लिए शासन द्वारा निर्देशित कार्रवाई की जा रही है। पालिका अधिकारियों के अनुसार, नगर पालिका अधिनियम की धारा 134 के उपबंधों एवं संबंधित प्रावधानों के तहत भवन के संपत्ति कर निर्धारण से पहले जांच एवं सत्यापन का प्रावधान है। ऐसे मामलों में नियमानुसार कार्रवाई करते हुए अन्य व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को भी नोटिस जारी किए जाएंगे, ताकि पालिका की वित्तीय व्यवस्था को मजबूत किया जा सके।

एक्टिवा से 5 पैकेट...

रजीता ने स्वयं का होना जिसे पदमपुर से एक व्यक्ती के पास से खरीद कर लाना बताई जिसे समक्ष गवाह के जप्त कर कब्जा पुलिस में लिया गया और आरोपीयों के विरूध्द धारा 20 बी एनडीपीएस एक्ट का अपराध घटित होना पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया है। प्रकरण के अन्य आरोपी बुलु बढई पिता भिखारी बढई उम्र 26 साल साकिन कुकरी मुण्डा थाना बुड़ैन जिला बडगर (उडीसा) 2 सितंबर को गिरफ्तार किया गया तथा आरोपी को न्यायिक रिमाण्ड पर भेजा गया।

चेकिंग अभियान में ...

कि अपराध नियंत्रण और आमजन की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए संवेदनशील क्षेत्रों में निगरानी एवं चेकिंग अभियान लगातार जारी रहेगा। संदिग्ध गतिविधियों में संलिप्त पाए जाने वाले व्यक्तियों के खिलाफ नियमानुसार वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

गिरौदपुरी में बालकदास जन्मोत्सव पर शामिल हुए श्रद्धालु

हरिभूमि न्यूज ⏭ गिधौरी





विश्व प्रसिद्ध संत बाबा गुरु घासीदास बाबा की जन्मस्थली एवं तपोभूमि गिरौदपुरी धाम में शुक्रवार को गुरू बालकदास जन्मोत्सव मनाने हजारों के तादात पर श्रद्धालु पहुंचे हुए थे। और कार्यक्रम के लिए शासन प्रशासन ने चाक चौबंद व्यवस्था की थी।गिरौदपुरी में मेले का भी आयोजन किया गया,जिसमें सभी प्रकारों का स्टाल लगाया गया। इस मौके पर पुलिस बल, स्वास्थ्य विभाग, राजस्व विभाग से अधिकारी कर्मचारियों की तैनाती किया गया था। मुख्य मंदिर, जन्मस्थली, छाता पहाड़, पंचकुंडीय, अमृत कुंड, चरण कुंड आदि स्थानों में श्रद्धालुओं की भीड जुटी रही। बताया जाता है कि गुरूघासीदास बाबा के द्वितीय पुत्र गुरूबालक दास का जन्म, भादो के महिना के कृष्ण पक्ष के अष्टमी के दिन हुआ था। सतनामी समाज पहले जैतखाम में स्थापित निशाना में जन्मोत्सव के दिन झंडा चढाते है । गुरु वीर बालक दास जयंती आज बाबा गुरु घासीदास जी की जन्मस्थान गिरौदपूरी धाम से बाजे- गाजे के साथ बड़ी धूमधाम से जुलूस सादा झंडा यात्रा निकाली गई और पर्व को प्रति वर्ष मनाते आ रहे है। इसी उपरांत पुरानी परम्परा के अनुसार समस्त सतनामी समाज गिरौदपूरी धाम की ओर से मुख्य मंदिर मे सादा झंडा जो हमारे सतनामी समाज द्वारा चढ़ाया गया और आज अष्टमी, नवमी मे मेला भी लाखो की भीड़ में बाबा जी की दर्शन लाभ लेने के लिए श्रद्धांलूगण बहुत दूर दराज से पहुंचे हुए थे। इस कार्यक्रम में मुख्यरूप से सामाजिक लोग अधिक संख्या में सहयोग रहता है जिसमे विजय शास्त्री, रामकुमार मिरी, प्रदीप रात्रे, भूषण शास्त्री, अनिल शास्त्री, सरपंच राजा राम पटेल आदि। सतनामी समाज धर्म संगठन के लोगों ने गिरौदपुरी धाम में गुरु घासीदास के पुत्र अमरदास और गुरु बालकदास के आदर्शों पर चलने के लिए जागरूक किया गया।

ग्राम मुरा में मनी राजा गुरु बालकदास की जयंती

बंगोली। ग्राम मुरा में शुक्रवार को वीर बलिदानी एवं सतनाम पंथ के प्रेरणास्रोत राजा गुरु बालकदास जी की जयंती श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ मनाई गई। यह धार्मिक-सामाजिक आयोजन जय सतनाम युवा शक्ति समिति, ग्राम मुरा के तत्वावधान में शुक्रवार बाजार परिसर, मंदिर के पास आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान राजा गुरु बालकदास जी के छायाचित्र पर विधि-विधान एवं श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना कर पुष्प अर्पित किए गए। उपस्थित लोगों ने उनके जीवन, त्याग, संघर्ष एवं समाज के प्रति योगदान को स्मरण करते हुए श्रद्धापूर्वक नमन किया। इसके पश्चात उपस्थित श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों को प्रसाद वितरण किया गया। कार्यक्रम में समिति के पदाधिकारियों ने कहा कि राजा गुरु बालकदास जी ने सत्य, समानता, सामाजिक एकता, भाईचारा एवं मानवता का संदेश समाज तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उनके विचार आज भी समाज को एकजुट होकर आगे बढ़ने तथा सामाजिक सद्भाव बनाए रखने की प्रेरणा देते हैं। आयोजन का उद्देश्य समाज में सत्य, सद्भाव, समानता, आपसी भाईचारे, सामाजिक एकता एवं सहयोग की भावना को मजबूत करना रहा। कार्यक्रम में ग्रामवासियों, युवाओं, माताओं-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने सहभागिता कर राजा गुरु बालकदास जी को श्रद्धापूर्वक नमन किया तथा प्रसाद ग्रहण किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में ग्राम मुरा-धनसुली क्रेशर एसोसिएशन के मालिकगण एवं सहयोगकर्ताओं का विशेष योगदान रहा।



380 पाव अवैध शराब के साथ तीन तस्कर गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ⏭ बलौदाबाजार

आबकारी विभाग ने अवैध शराब के परिवहन और बिक्री के खिलाफ कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है। वृत्त बलौदाबाजार-कसडोल की टीम ने अलग-अलग मामलों में आरोपियों के कब्जे और परिवहन से कुल 380 पाव शराब, 68.4 बल्क लीटर मदिरा बरामद की है।

आरोपियों के खिलाफ आबकारी अधिनियम की धारा 34(2), 59(क) के तहत तीन प्रकरण कायम किए गए हैं। आबकारी विभाग के अनुसार कार्रवाई में ग्राम खैंदा थाना बलौदाबाजार निवासी भोगप्रसाद कोसले पिता रमेश कोसले के कब्जे से 230 नग पाव, 41.4 बल्क लीटर देशी मदिरा मसाला बरामद की गई। इसी तरह ग्राम सर्वा थाना कसडोल निवासी राजू डहरिया पिता कुमार डहरिया को वाहन क्रमांक सीजी 04 एजे 8904 एचएफ डीलक्स में 100 नग पाव, 18 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जम्मू व्हिस्की का परिवहन करते पकड़ा गया।

एक अन्य कार्रवाई में कसडोल निवासी अनिल कुमार राव पिता भूषण राव को वाहन क्रमांक सीजी 22 आर 0230 एचएफ डीलक्स में 50 नग पाव, 9 बल्क लीटर विदेशी मदिरा जम्मू व्हिस्की का परिवहन करते पकड़ा गया। तीनों मामलों में आबकारी विभाग ने शराब और परिवहन में प्रयुक्त दोनों दोपहिया वाहनों को जब्त कर आरोपियों के खिलाफ वैधानिक कार्रवाई की है। कार्रवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी जलेस सिंह, आबकारी उपनिरीक्षक मनराखन नेताम सहित आबकारी आरक्षक अभिषेक कुमार, हेमंत कुमार वर्मा, ओंकार ध्रुव, निकिता चौहान, नगर सैनिक कमल वर्मा, राजकुमारी पैकरा, दुर्गा ध्रुव और दुर्गेश्वरी कुर्रे शामिल रहे।

टैक्सी चाहिए
रायपुर से बलौदाबाजार अर्जुनी रात्रि कालीन पेपर पार्सल ले जाने हेतु टाटा एस, टाटा मैजिक, इको, की आवश्यकता है।
इच्छुक व्यक्ति टैक्सी की संपूर्ण कागजात के साथ प्रसार विभाग में संपर्क करें।
समय : 11 बजे से शाम 5 बजे तक।
हरिभूमि
कार्यालय, धमतरी रोड, टिकरापारा, रायपुर

HEALTH TOWN
न्यू मातृ स्मृति हॉस्पिटल
मेटरनिटी, चिल्ड्रन्स एवं सर्जिकल हॉस्पिटल
उपलब्ध सुविधाएं
गर्भवती महिलाओं की संपूर्ण जांच व परामर्श
नार्मल एवं सीजेरियन डिलीवरी
एवं बच्चेदानी का ऑपरेशन व नसबंदी
सर्वसुविधायुक्त PICU, NICU, OT
बच्चों की सभी प्रकार की सर्जरी हर्निया, हाईड्रोसील, सरकम सीजन की सुविधा
आयुष्मान कार्ड और CSEB से कैशलेस उपचार,
TPA की सुविधा
डॉ. सी.पी.सिंह (एमबीबीएस, एमडी) शिशु एवं बाल्य रोग विशेषज्ञ
डॉ. नीलिमा सिंह (एमबीबीएस, डी.जी.ओ.) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ
9009553889, 9090204620
एकता नगर, अम्बेडकर चौक के पास, गुढियारी रायपुर
ब्रांच : मातृ स्मृति मंगल बाजार, गायत्री मंदिर के सामने, गुढियारी, रायपुर
भास्कर आई केयर
कालामोतिया नजर चुराता है और दर्द भी नही होता!
डॉ. दिलीप लालवानी नेत्र रोग विशेषज्ञ फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON
ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE
प्रदेश के प्रसिद्ध ग्लूकोमा विशेषज्ञ द्वारा सम्पूर्ण कालामोतिया जांच एवं उपचार
लेजर एवं बिना टांकों की ग्लूकोमा MIGS सर्जरी • आंखों की सूखती नस का इलाज
EYE PRESSURE (IOP) • GONIOSCOPY • OCT & FIELD TEST
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989
एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध
पाइल्स
पाइल्स का इलाज, एक लेप, द्वारा मस्से को गला कर जड़ से इलाज किया जाता है।
समय : सुबह 9.30 से रात 8.00 बजे तक
राज-राजेश्वरी आयुर्वेदिक चिकित्सा केन्द्र
(25 वर्षों से क्षेत्र में अनुभवी चिकित्सक)
9039050422, 9179455561
सरस्वती दाल मिल के सामने, गली नं. 3, अशोक विहार, पंडरी रायपुर। मनसा चैम्बर्स, कल्याण हॉस्पिटल के पीछे, फाफाडीह मेन रोड, रायपुर।
विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह

जुलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तों का हार्दिक अभिनंदन स्वागत...



श्री अखण्ड रामनाम सप्ताह समारोह



जुलुस में पधारे समस्त श्रद्धालु भक्तजनों का

हार्दिक स्वागत... वंदन... अभिनंदन...

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, निपनिया

- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - खैरा
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - निपनिया
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - कोटमी
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - बिटकुली
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - कोनी
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - सिंगारपुर
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - पाटन
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - मोपका
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - केशला
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - धनेली
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - लेवई
- प्राथमिक कृषि साख सहकारी समिति - करहीबाजार



"जय रघुपति राघव राजा राम
जय पतित पावन सीता राम"

श्री अखण्ड राम नाम सप्ताह

में पधारे हुए सभी श्राद्धालुओं का

हार्दिक स्वागत अभिनंदन

कमरछठ, जन्माष्टमी,
तीजा, पोरा, गणेश चतुर्थी

की हार्दिक बधाई





अश्वनी शर्मा
अध्यक्ष नगर पालिका परिषद
भाटापारा

शिवरतन शर्मा
जनसेवक भाटापारा विधानसभा
सदस्य, प्रथम, चतुर्थ एवं पंचम विधानसभा छत्तीसगढ़



विनीत : भाजपा मंडल सिमगा, भाटापारा वि.स.



संकलनकर्ता : संजीव तिवारी, राजीव तिवारी (संवाददाता) हरिभूमि भाटापारा, मो. 9827166722, 9926291392



खबर संक्षेप



आंबा पीपर भावना (तें.) में बच्चों ने किया न्योता भोज

गोपालपुर। जिला कलेक्टर सारंगढ़-बिलाईगढ़ पद्मनी भोई साहू एवं जिला अधिकारी महिला एवं बाल विकास विभाग सारंगढ़-बिलाईगढ़ के निर्देशानुसार महिला बाल विकास परियोजना कार्यालय भटगांव के अन्तर्गत आंगनबाड़ी केंद्र पीपर भावना तें में बच्चों को न्योता भोज खिलाया गया। साथ ही साथ माह का पहला गुरुवार होने के कारण गर्भवती महिलाओं एवं छः माह के बच्चों को गोदभराई तथा अन्नप्राशन करवाया गया। कार्यक्रम में बच्चों के पालकों के साथ- साथ बड़ी संख्या में माताओं एवं पुरुष अभिभावकों का उपस्थित हुए।

किरण सेन का राज्य अलंकरण सम्मान के लिए चयन

बलौदाबाजार। प्रकृति शिक्षण विज्ञान के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान एवं रचनात्मक प्रतिभा के लिए भरसेला निवासी 22 वर्षीय कु. किरण सेन का खोजी विद्यार्थी के रूप में राज्य अलंकरण सम्मान



के लिए चयन हुआ है। उन्हें कुरुद, धमतरी में आयोजित राज्य स्तरीय कार्यक्रम में सम्मानित किया जाएगा। किरण सेन, श्री कृष्ण कुमार सेन की पुत्री हैं और बीएससी नर्सिंग चतुर्थ वर्ष की छात्रा हैं। शिक्षा के साथ साहित्य एवं कविता लेखन में उनकी विशेष रुचि है। उनकी रचनाएं समाज, संस्कृति, नारी सशक्तिकरण, मातृभाषा, शिक्षा और मानवीय मूल्यों पर केंद्रित हैं। उनकी रचनाएं विभिन्न साझा संकलनों में प्रकाशित हो चुकी हैं।

खरोरा के रोवर-रेंजरों को वितरण किए प्रमाण पत्र



खरोरा। भारत स्काउट्स एवं गाइड्स, राष्ट्रीय मुख्यालय नई दिल्ली द्वारा 25 अगस्त से 31 अगस्त 2026 तक उत्तराखण्ड के विश्वप्रसिद्ध हेमकुण्ड साहिब एवं वैली ऑफ फ्लावर्स में आयोजित प्रोग्राम में भाग लेकर लौटे पीएम श्री भरत देवांगन शासकीय उत्कृष्ट हिन्दी-अंग्रेज़ी माध्यम विद्यालय, खरोरा के रोवर-रेंजरों को प्रमाण पत्र प्रदान कर सम्मान किया गया। इस राष्ट्रीय साहसिक शिविर का बेस कैंप राज्य प्रशिक्षण केन्द्र, उत्तरी रेलवे, रायवाला (उत्तराखण्ड) में स्थापित किया गया था। सात दिवसीय कार्यक्रम के दौरान प्रतिभागियों ने हिमालयी ट्रेकिंग, साहसिक गतिविधियों, पर्यावरण संरक्षण, नेतृत्व विकास तथा टीम भावना से संबंधित विविध प्रशिक्षण प्राप्त किए। विद्यालय में स्काउट-गाइड रोवर-रेंजर प्रभारी शाहिना परवीन ने सभी प्रतिभागियों को राष्ट्रीय स्तर के शिविर की सफलता पर प्रमाण-पत्र वितरित किए तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। शिविर में हिस्सा लिये विद्यार्थियों में लक्की वर्मा, प्रदीप महार, आकाश देवांगन, हिमांशु वर्मा, रोशन साहू, वंदना वर्मा, तन्नू सेन, चंद्रमणी भारद्वाज, रेणुका देवांगन, मनीषा साहू, कल्पना, लिशा साहू, हिमांशु साहू, भाविका साहू एवं डिकेश्वरी खूंटे शामिल थे।

जन्माष्टमी : मंदिरों में उमड़ा भक्तों का सैलाब, मुंबई के कलाकारों ने भजनों की दी प्रस्तुति

नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की...

हरिभूमि न्यूज ⏭ तिल्दा-नेवरा

शुक्रवार को तिल्दा सहित आसपास के पूरे इलाके में कृष्ण जन्माष्टमी,का पर्व बड़ी ही धूमधाम मनाया गया। शहर के 119 साल पुराने पंचायती अग्रवाल मंदिर में भगवान श्रीकृष्ण जन्माष्टमी को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं का तातां लगा रहा। भक्तों ने मंदिर में भगवान की विधिवत पूजा की गई। मंदिर को फूलों से शानदार सजाया गया था, शाम को भजन संध्या कार्यक्रम आयोजित किया गया जो रात भगवान श्री कृष्ण की जन्म होने के बाद समाप्त हुआ। रात 12 बजे घड़ी की सुइयां जैसे ही एक जगह पहुंची मंदिर में भगवान के जन्म उत्सव को लेकर धूम मच गई, लोग एक दूसरे को बधाई देकर भगवान श्री कृष्ण के जयकारे लगाते रहे। पंडित संतोष शर्मा ने जन्मोत्सव के बाद भगवान की विशेष आरती संपन्न कराई पश्चात 56 भोग का प्रसाद बांटा गया। इस मौके पर मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद थे।

इसी तरह स्टेशन चौक केसवानी मोहल्ले में राधा कृष्ण मंदिर में भी भगवान कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया। भगवान के जन्म होते ही नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की के जयकारों से मंदिर गूंज उठा। यहां पंडित सत्यनारायण शास्त्री के द्वारा भगवान की विधि विधान के साथ आरती कराई और प्रसाद का वितरण किया.. इसके अलावा झूलेलाल मंदिर परिसर में स्थित राधा कृष्ण मंदिर में भी जन्माष्टमी का पर्व धूमधाम से मनाया गया यहां सैकड़ो की संख्या में श्रद्धालु मंदिर के सामने भजन कीर्तन करते रहे. मंत्र प्रांगण में मटकी फोड़ का भी आयोजन किया गया। इसके अलावा पूजा सिंधी पंचायत हाल में जन्माष्टमी की पूर्व संध्या मुंबई के कलाकारों के द्वारा भजन प्रस्तुत किए गए।









100 से ज्यादा बच्चे राधा कृष्ण थीम पर सजे

रंग बिरंगे परिधानों में सजे कान्हा यशोदा सी ममता लिए माताएं और मंच पर होती रासलीलाओं ने तिल्दा नेवरा को वृंदावन की गलियों में पहुंचा दिया। नटखट कान्हा 2026 कार्यक्रम जहां ट्रेडीशन और फैशन का फ्यूज़न देखने को मिला। केसरवानी मोहल्ला स्थित राधा कृष्ण मंदिर परिसर में आयोजित प्रतिभावान बच्चों के लिए सम्मान समारोह का भी आयोजन किया गया जिसमें दसवीं और बारीकी परीक्षा में 80% या उससे अधिक अंक प्राप्त करने वाले यश शर्मा आदित्य अग्रवाल ईशान केसरवानी अमन अग्रवाल आकाश तिवारी इन 12वीं के छात्रों का मंदिर परिवार की ओर से सम्मान किया गया। इसी तरह दसवीं में 80 अंक से अधिक प्राप्त करने वाले श्रेयांश केसरवानी और अभी चल अविचल शर्मा का सम्मान किया गया।

जन्माष्टमी पर बाल कान्हाओं ने फोड़ी मटकी

खरोरा। ग्राम पंचायत छड़िया में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व शुक्रवार को श्रद्धा, उल्लास एवं सांस्कृतिक वातावरण के बीच हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। पूरे ग्राम में भक्तिमय माहौल रहा और मंदिर परिसर तथा आयोजन स्थल को आकर्षक फूलों, रंगोली एवं विद्युत सज्जा से सजाया गया।



कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण एवं राधा का मनमोहक स्वरूप धारण कर प्रस्तुत की गई झांकियां रहीं। बाल कान्हाओं की मोहक वेशभूषा, बांसुरी, मोरपंख और पीतांबर ने उपस्थित ग्रामीणों का मन मोह लिया। बच्चों ने कृष्ण लीला पर आधारित सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरीं। इसके पश्चात पारंपरिक मटकी फोड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्साह से भरे नन्हे कान्हाओं ने मानव पिरामिड बनाकर ऊंचाई पर बंधी मटकी को फोड़ा। मटकी फूटते ही उपस्थित श्रद्धालुओं ने जय श्रीकृष्ण के जयघोष के साथ बच्चों का उत्साहवर्धन किया।

मां शारदा हाई स्कूल में मनाई गई जन्माष्टमी



खरोरा। मां शारदा उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खरोरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के छायाचित्र पर पुष्पमाला अर्पित कर एवं गुलाल लगाकर की गई। जन्माष्टमी के अवसर पर कक्षा पहली से 12वीं तक के विद्यार्थियों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। विद्यार्थियों ने कुर्सी दौड़, रस्सी दौड़, मटका फोड़, दही लूट, रंगोली एवं ड्राइंग सहित अनेक प्रतियोगिताओं में उत्साहपूर्वक भाग लिया। बच्चों ने भक्ति संगीत पर मनमोहक नृत्य एवं डांडिया की प्रस्तुति देकर सभी का मन मोह लिया। कार्यक्रम का प्रमुख आकर्षण दही हांडी फोड़ रहा। विद्यार्थियों ने उत्साह के साथ पिरामिड बनाकर दही हांडी फोड़ी और 'गोविंदा आला रे' गीत के साथ जमकर उत्सव मनाया। विद्यालय परिसर में पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह और उमंग का माहौल रहा। विद्यालय के संचालक एच.डी. मानिकपुरी ने कहा कि पठन-पाठन के साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए सांस्कृतिक एवं अन्य गतिविधियां भी आवश्यक हैं। ऐसे आयोजनों के माध्यम से बच्चों में नैतिक मूल्यों का विकास होता है और वे अपनी संस्कृति एवं सभ्यता से परिचित होते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों एवं विद्यार्थियों को सफल आयोजन के लिए बधाई देते हुए जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्राचार्य पी.एन. साहू ने सभी को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि भगवान श्रीकृष्ण द्वारा दिए गए गीता के संदेशों को जीवन में आत्मसात करने से सभ्य समाज और राष्ट्र के निर्माण की दिशा में आगे बढ़ा जा सकता है। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के स्टाफ हेमलता निशाने, रजनी बर्मन, प्रिया यादव, आंचल वर्मा, नमिता कंवर, लक्ष्मी वर्मा, दामिनी देवांगन, अंजु कुंभकर एवं मंजूषा कुंभकार सहित समस्त शिक्षकों का विशेष योगदान रहा। कार्यक्रम की जानकारी संस्था के प्राचार्य पी.एन. साहू ने दी।

मटकी फोड़ और राधा-कृष्ण रूप सज्जा रही आकर्षण का केंद्र





खरोरा। स्थानीय सरस्वती शिशु मंदिर उच्च माध्य विद्यालय खरोरा में विद्यालय स्तर पर भव्य रूप से कृष्ण जन्माष्टमी कार्यक्रम बड़े हर्षोल्लास से सम्पन्न हुआ। इसमें कक्षा अरूण उदय के भैया-बहनों ने श्रीकृष्ण वेशभूषा में कक्षा प्रथम व द्वितीय के भैया-बहनों ने श्रीराधाकृष्ण वेशभूषा में भाग लिये। कक्षा तृतीय से चतुर्थ तक के भैया-बहनों ने राधा कृष्ण नृत्य में हिस्सा लिये कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि सुमीत सैन (नगर पंचायत उपाध्यक्ष खरोरा) विशिष्ट अतिथि लोमश देवांगन विलफेयर फाउंडेशन छत्तीसगढ़ पूर्व छात्र अध्यक्ष), चेतन प्रसाद द्विवेदी (संक्रनिवृत आचार्य), रोहित वर्मा पत्रकार अध्यक्षता प्राचार्य अश्वनी पाटकर, प्रधानाचार्य संजय वर्मा द्वारा श्री कृष्ण एवं ऊं, मां सरस्वती एवं भारत माता के छायाचित्र पर दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। अतिथियों का परिचय प्राचार्य के द्वारा कराया गया एवं स्वागत विद्यालय के आचार्यों व भैया-बहनों के द्वारा किया गया। कार्यक्रम के उपरांत अतिथियों द्वारा श्रीकृष्ण, श्री राधा कृष्ण एवं राधा कृष्ण नृत्य वेशभूषा में भाग लिए भैया-बहनों को पुरस्कार वितरण किया गया। विद्यालय के प्राचार्य ने अतिथियों को कार्यक्रम में उपस्थित होने पर उनका आभार व्यक्त किया। जिसमें कक्षा अरुण से कक्षा चतुर्थ तक के 130 भैया-बहनों ने भाग लिए, साथ ही पिरामिड बनाकर मटका फोड किया गया। कार्यक्रम के अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती एवं प्रसाद वितरण किया गया। इस कार्यक्रम में आचार्य, भगिनी व भैया-बहिन एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे।

नन्हे कृष्ण-राधा की मनमोहक प्रस्तुतियों ने मोहा सभी का मन



तिल्दा नेवरा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र में जन्माष्टमी उत्सव उमंग, उत्साह और आध्यात्मिक वातावरण के बीच धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में नन्हे-नन्हे बच्चों ने श्रीकृष्ण एवं राधा की मनमोहक वेशभूषा में आकर्षक प्रस्तुतियां देकर पूरे सभागार को कृष्णमय कर दिया।

कार्यक्रम के दौरान कृष्ण-राधा के मधुर भजनों पर खुशी, मीठी, राशिका, उदय एवं तोशिका ने सुंदर नृत्य प्रस्तुतियां दीं। वहीं यशोदा मैया की वेशभूषा में सजी खुशबू बहन ने अपनी मनमोहक नृत्य प्रस्तुति से उपस्थित लोगों का मन जीत लिया। नन्हे कलाकारों की मासूमियत, आकर्षक वेशभूषा और भावपूर्ण प्रस्तुतियों ने दर्शकों को खूब आनंदित किया। बच्चों की प्रस्तुतियों के दौरान पूरा वातावरण भक्तिमय नजर आया। इस अवसर पर अंजू सोनी बहन ने सुंदर कविता के माध्यम से श्रीकृष्ण के आध्यात्मिक स्वरूप और उनके दिव्य संदेश को प्रस्तुत किया। उन्होंने श्रीकृष्ण के जीवन से जुड़े श्रेष्ठ मूल्यों और संस्कारों को वर्तमान जीवन में अपनाने का संदेश दिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारीज़ तिल्दा सेवाकेंद्र की मुख्य संचालिका बीके प्रियंका बहन ने सभी भाई-बहनों एवं नगरवासियों को श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम के समापन अवसर पर उपस्थित भाई-बहनों ने नन्हे कृष्ण-राधा के रूप में सजे बच्चों के साथ रास-गरबा का आनंद लिया। कृष्ण भक्ति के गीतों पर सभी ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। इसके बाद

ब्रह्माकुमारी संस्थान में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

खरोरा। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय सेवा केंद्र में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पावन पर्व श्रद्धा, भक्ति एवं आध्यात्मिक उल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर सेवा केंद्र परिसर को आकर्षक रूप से सजाया गया तथा पूरे वातावरण में भक्तिमय और आध्यात्मिक छटा बिखरी रही। कार्यक्रम का शुभारंभ ईश्वरीय स्मृति एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया। इस अवसर



पर बच्चों एवं भाई-बहनों द्वारा भगवान श्रीकृष्ण के जीवन पर आधारित सुंदर सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। राधा-कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा में सजे बच्चों ने उपस्थित सभी लोगों का मन मोह लिया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए ब्रह्माकुमारी बहनों ने कहा कि श्रीकृष्ण का जीवन प्रेम, पवित्रता, सत्य, मर्यादा, करुणा और कर्तव्यनिष्ठा का प्रतीक है। हमें उनके दिव्य गुणों को अपने जीवन में अपनाकर समाज में सुख, शांति और सद्भाव का वातावरण बनाना चाहिए। उन्होंने कहा कि जन्माष्टमी केवल उत्सव मनाने का पर्व नहीं, बल्कि अपने जीवन में श्रेष्ठ संस्कारों और दिव्य गुणों को धारण करने का अवसर है। भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें यह प्रेरणा देता है कि कठिन परिस्थितियों में भी धैर्य, साहस और सकारात्मकता के साथ आगे बढ़ना चाहिए। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु, माताएं, बहनें एवं बच्चे उपस्थित रहे। अंत में सभी को प्रसाद वितरण किया गया। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का यह आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक आयोजन सभी के लिए आनंद, प्रेरणा और उत्साह से भरपूर रहा।

हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की के जयघोष से गूंजा करहीबाजार



करही बाजार। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के पावन पर्व पर ग्राम करही बाजार में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। प्रतिवर्ष की परंपरा को कायम रखते हुए इस वर्ष भी श्री आदर्श गणेश उत्सव समिति एवं ग्राम के युवाओं के संयुक्त तत्वावधान में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व बड़े ही हर्षोल्लास, धूमधाम एवं उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर "हाथी घोड़ा पालकी, जय कन्हैया लाल की" के जयघोष से पूरा करही बाजार गूंज उठा। भगवान श्रीकृष्ण की आकर्षक झांकी सजाई गई, जिसे देखने के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु एवं ग्रामवासी पहुंचे। श्रद्धालुओं ने भगवान श्रीकृष्ण के बाल स्वरूप के दर्शन कर पूजा-अर्चना की और क्षेत्र की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान भक्ति गीतों एवं जयकारों से वातावरण भक्तिमय बना रहा। युवाओं में जन्माष्टमी को लेकर खासा उत्साह नजर आया। समिति के सदस्यों और युवाओं ने आयोजन की व्यवस्थाओं को संभालते हुए कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। ग्रामवासियों ने भी उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाते हुए धार्मिक आयोजन को सफल बनाया। देर रात तक करही बाजार में उत्सव का माहौल बना रहा। रेवती राजेश पटेल, कमला अरुण निषाद, अशोक पटेल, अजरदास मानिकपुरी, हीराराम पटेल, बसंत देवांगन, नागराज देवांगन, रघुबर केशरवानी, मुकेश केशरवानी, राजेंद्र रजक, दीपांशु दास, कृष्णा दास, रामकुमार पटेल, तेजराम यादव, मुलशंकर पटेल, उदय देवांगन, अनिल देवांगन, दानी पटेल, बलराम यादव, राजेश्वर यादव, टूकेश्वर यादव, कमलेश्वर यादव, राहुलदास, रामजी यावद, अचित दास, ईश्वर यादवउपस्थित रहे।

मोहरा में मनाया गया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी

हिरमी रावन। सरस्वती शिशु मंदिर मोहरा में श्रीकृष्ण जन्माष्टमी का पर्व श्रद्धा, उत्साह और हर्षोल्लास के साथ धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने भगवान श्रीकृष्ण और राधा के स्वरूप में सजकर मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। नन्हे-मुन्ने बच्चों की वेशभूषा ने उपस्थित लोगों का विशेष रूप से ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान श्रीकृष्ण की पूजा-अर्चना एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुई। विद्यार्थियों ने श्रीकृष्ण जन्म की कथा, भजन, गीत तथा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों ने कृष्ण, राधा, गोप-गोपियों और सुदामा आदि के स्वरूप में प्रस्तुति देकर जन्माष्टमी की धार्मिक एवं सांस्कृतिक महत्ता को जीवंत किया। विद्यालय परिसर में भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया। शिक्षकों ने विद्यार्थियों को श्रीकृष्ण के जीवन, उनके आदर्शों तथा गीता के उपदेशों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का जीवन हमें सत्य, कर्म, प्रेम, सद्भाव और धर्म के मार्ग पर चलने की प्रेरणा देता है। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया।इस अवसर पर विद्यालय के आचार्य-आचार्या, विद्यार्थी एवं अभिभावक उपस्थित रहे। अंत में भगवान श्रीकृष्ण की आरती की गई तथा प्रसाद वितरण किया गया। जन्माष्टमी पर्व के आयोजन से विद्यालय में उत्सव का माहौल बना रहा और सभी ने श्रद्धा एवं उल्लास के साथ पर्व मनाया।





सिंधी समाज के नन्हें बच्चों ने रचाया रास, कृष्ण-राधा के रूप में मोहा मन

भाटापारा। सिंधुणी सेवा समिति भाटापारा द्वारा हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री अखण्ड राम नाम सप्ताह में सिंधी समाज की टोली दोपहर 2 बजे से 4 बजे के दौरान समाज के नन्हें मुन्ने बच्चे-बच्चियां भगवान कृष्ण व राधा रानी का स्वरूप धारण कर पहुंचे। संस्था के राजेश हजारीलाल छाबड़िया ने बताया की नन्हें मुन्हें बच्चों को इस तरह देखकर उपस्थित जन हर्षित हो उठे एवं समाजजनों ने उन सभी का उत्साहवर्धन किया। संस्था द्वारा सभी बच्चों को प्रोत्साहन स्वरूप पुरस्कार वितरण उपस्थित सिंधी महिला मंडल की शीतल आर्य, रचना पारप्यानी, कनक माधवानी, प्रिया माधवानी, कंगना माधवानी के हाथों से करवाया गया। एवं इस आयेजन में कैलाश बालानी, नंदलाल तनवानी, दिनेश सचदेव, श्री मंगलानी का सहयोग रहा इस अवसर पर कृष्ण स्वरूप में मोहित पंजवानी, गौरव पारप्यानी, चिन्मय मंधानी, कियांश पुंशी, सिद्धार्थ आर्य, आद्विक थदवानी, दिपांशू ठाकुरवानी, चित्राशं थदवानी, अगस्त्य थदवानी, शिवम मंधानी,समर इंदवानी, जिविशा,पंजवानी,निलेश कलवानी, रियांश लक्ष्वानी, नयन लखवानी, कृष लखवानी,यशु काछेला,युग काछेला, शिवांश थदवानी सहित 59 बच्चों ने उपस्थित होकर भक्तिमय समा बना दिया।

शोभायात्रा को लेकर एसपी ने लिया सुरक्षा व्यवस्था का जायजा

भाटापारा में अखंड रामनाम सप्ताह की पूर्णाहुति आज

हरिभूमि न्यूज ⏭ भाटापारा

शहर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आयोजित हो रहे अखण्ड रामनाम सप्ताह के अंतिम दिन 5 सिंतबर निकलने वाली भव्य शोभायात्रा, धार्मिक कार्यक्रमों एवं भजन मंडलियों के जुलूस को सुरक्षित एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न कराने के लिए बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस पूरी तरह मुस्तैद है। इसी कड़ी में पुलिस अधीक्षक गौरव राय द्वारा भाटापारा पहुंचकर सुरक्षा तैयारियों एवं व्यवस्थाओं का गहन निरीक्षण



किया गया। निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक गौरव राय ने सबसे पहले राम सप्ताह मंदिर पहुंचकर विधिवत पूजा-अर्चना की तथा जिले में शांति, सौहार्द और सुख-समृद्धि की कामना की। तत्पश्चात उन्होंने शहर में निकलने वाली शोभायात्रा एवं जुलूस के संपूर्ण मार्ग का पैदल भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था तथा यातायात प्रबंधन का जायजा लिया।

पूरा शहर अलग-अलग सेक्टरों में विभाजित

निरीक्षण के दौरान पुलिस अधीक्षक ने उपस्थित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शोभायात्रा एवं भजन मंडलियों के भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं एवं नागरिकों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो। पूरे शहर को सुरक्षा की दृष्टि से अलग-अलग सेक्टरों (आडिल अस्पताल से जयस्तंभ चौक, रामसप्ताह चौक, गोविंद चौक, रायल इन होटल, हटरी बाजार, आजाद चौक आदि) में विभाजित कर पर्याप्त पुलिस बल एवं सेक्टर प्रभारियों की तैनाती के आदेश दिए गए हैं। साथ ही यातायात व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने हेतु विशेष पार्किंग व्यवस्था एवं रूट डायवर्जन के सख्त निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक खोमन सिन्हा, एसडीओपी तारेश साहू, थाना प्रभारी शहर निरीक्षक अमित पाटले, यातायात प्रभारी भाटापारा निरीक्षक नरेश कांगे सहित अन्य पुलिस अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

बोल बम सेवा समिति की बैठक कल

महासमुंद। बोल बम सेवा समिति सिरपुर की आवश्यक बैठक रविवार 6 सितंबर को यज्ञशाला में दोपहर 2 बजे रखी गई है। बैठक में आय व्यय का ब्यौरा प्रस्तुत किया जाएगा। जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष थनवार यादव ने सिरपुर, जलकी, महासमुंद के सभी सदस्यों से बैठक में उपस्थित होने की अपील की है।

